प्रेस नोट
दिनांक 30.03.2024

थाना खोडारे पुलिस द्वारा गैगेस्टर एक्ट के 02 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार,

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर श्री मनोज कुमार रावत के नेतृत्व में थाना खोडारे पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-48/2024, धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना खोडारे से सम्बन्धित नामजद 02 आरोपी अभियुक्तों 01. अकबर अली, 02. किशन जायसवाल को किशन आटो सर्विस हाटनरोड़ उतरौला से गिरफ्तार किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 24.03.2024 को प्रभारी निरीक्षक थाना खोडारे द्वारा थाना खोडारे पर मु0अ0सं0-48/2024, धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना खरगूपुर बनाम 01. अकबर अली, 02. किशन जायसवाल के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना खोडारे पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत नामजद आरोपी अभियुक्तगण 01. अकबर अली, 02. किशन जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। उपरोक्त अभियुक्तगण द्वारा गिरोह बनाकर अपने आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ अर्जित करने के लिए मोटरसाइकिलों की चोरी करके बेच देते है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण

01. अकबर अली पुत्र किस्मत अली निवासी बंजरिया अलाउद्दीनपुर थाना सादुल्लानगर, जनपद बलरामपुर ।
02. किशन जायसवाल पुत्र ओमप्रकाश जायसवाल निवासी बंजरिया अलाउद्दीनपुर थाना सादुल्लानगर, बलरामपुर ।

पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0सं0-48/2024, धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना खोडारे जनपद गोण्डा।

गिरफ्तार कर्ता टीम-

01. उ0नि0 दिनेश राय
02. हे0का0 शिवकुमार नायक
03. का0 पंकज कुमार यादव
04. का0 सत्यव्रत यादव

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट

दिनांक 30.03.2024, मीडिया सेल

जनपद गोण्डा।

शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर जनपद के विभिन्न थानों से कुल- 24 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

11 वारंटी अभियुक्तगण गिरफ्तार-

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान में जनपद गोण्डा के थाना इटियाथोक पुलिस ने 07, थाना उमरीबेगमगंज पुलिस ने 03, थाना को0 करनैलगंज पुलिस ने 01वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना कर दिया गया।

मीडिया सेल, गोण्डा।